हिन्दुस्तान
रविवार, 28 मई 2023
livehindustan.com
02

# 'छात्रों के शोध का मार्ग प्रशस्त होगा'

बल्लभगढ़, संवाददाता। अग्रवाल महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से पुस्तकालयों का सतत विकास विषय पर तीन-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी को राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन कोलकता और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित व अनुमोदित किया गया है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने की। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी विद्वतगणों और शोध छात्रों को नई खोज का मार्ग प्रशस्त करेगी। संगोष्ठी का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से पुस्तकालय विकास के विभिन्न पहलुओं को बारीकियों से समझना तथा भविष्य में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार कराना है।